Title: Demanded judicial enquiry into the recent accidents taking place in the mines of Western Coalfields ltd. of India.

श्री नरेश पुगलिया (चन्द्रपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से कोलमाइंस में जो दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं, इसकी तरफ माननीय कोल मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। वैस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ऑफ इंडिया, जो कोल इंडिया की सिस्टर कन्सर्न है, उसके अन्दर पिछले चार माह में 16 लोगों की दुर्घटना में मृत्यु हुई है। पिछले पांच मार्च को रेयतवाड़ी दुर्गापुर अंडरग्राउंड माइंस में छः लोग मारे गये हैं। उसके दो महीने पहले ओपन कास्ट माइंस में दस लोगों की मृत्यु हुई थी। इसी प्रकार से कोलमाइंस के

*Not Recorded.

अन्दर दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। इसका मुख्य कारण है कि डायरैक्टर जनरल, माइंस एंड सेफ्टी लेबर मिनिस्ट्री के अंडर आता है। इसके पास सक्षम स्टाफ न होने की वजह से भी ऐसा हुआ है। पिछले 20 साल में कोलमाइंस बढ़ चुकी हैं, लेकिन माइंस एंड सेफ्टी का स्टाफ नहीं बढ़ने की वजह से वे लोग इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं और खास कर दुर्घटना का कारण यह है कि अंडरग्राउंड माइनिंग में कोलमाइनिंग के बाद

जिस प्रकार से सैंड फिलिंग होनी चाहिए, वह सैंड फिलिंग नहीं हो रही है। इसकी आप जांच करायें और मंत्री महोदय, आपके माध्यम से प्रधान मंत्री जी का मैं ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि इतने महत्वपूर्ण मंत्रालय में पिछले 18 महीने में चार मंत्री बदल चुके हैं, हर 4-6 महीने में मंत्री बदल रहे हैं, इसीलिए वैस्टर्न कोलफील्ड्स और कोल इंडिया के अधिकारियों पर केन्द्र सरकार की कोई पकड़ नहीं है और उसी का नतीजा यह हो रहा है कि दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है।â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : रूपचन्द पाल जी, आपका कोई नोटिस नहीं है।

SHRI RUPCHAND PAL(HOOGLY) : Sir, please give me permission, this is a very important matter...(*Interruptions*)

श्री नरेश पुगलिया : मैं माननीय कोयला मंत्री जी से विनती करूंगा कि वे इसमें जांच करायें। इसमें हम ज्यूडीशियल इन्क्वायरी की मांग करते हैं। अगर इसी प्रकार की दुर्घटनाएं बढ़ती रहीं तो इससे माइनर्स को न्याय नहीं मिलेगा, इसलिए पार्लियामेंट अफेयर्स मिनिस्टर को आप इसमें रीएक्ट करने को कहें, ऐसी आपसे अपील है।

*m02

श्री उत्तमराव पाटील (यवतमाल) : मैं भी इसमें अपने को एसोसिएट करता हूं।â€¦(व्यवधान)